भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

<u>भाविप्रा ने हिमाचल प्रदेश में मंडी के पास नागचला में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास के लिए राज्य सरकार के साथ संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए</u>

नई दिल्ली, 26 अप्रैल 2022 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 25 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ मंडी जिले के पास नागचला में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास के लिए एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रस्तावित हवाई अड्डे को एक संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से विकसित किया जाएगा जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकार की 51% इक्विटी होगी और शेष 49% प्रतिशत इक्विटी भाविप्रा के पास होगी। हवाईअड्डे पर ए-320 विमान को संभालने में सक्षम एक यूनिडायरेक्शनल रनवे होगा। श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया, माननीय नागर विमानन मंत्री; श्री जय राम ठाकुर, मुख्यमंत्री (हिमाचल प्रदेश), श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा और श्री राम सुभाग सिंह, मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की उपस्थिति में संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए । संयुक्त उद्यम समझौते के हस्ताक्षर समारोह के दौरान राज्य सरकार, नागर विमानन मंत्रालय और भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

हवाई अड्डे के लिए अनुमानित भूमि की आवश्यकता लगभग 515 एकड़ है और इस परियोजना पर भूमि की लागत को छोड़कर लगभग 900 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में तीन हवाई अड्डे - शिमला, कुल्लू और कांगड़ा विकसित हैं तथा 5 हेलीपोर्ट - कंगनीधर, शिमला, रामपुर, बद्दी और एसएएसई (मनाली) विकसित किए जा रहे हैं जो एक बार पूर्ण होने के बाद राज्य के पर्यटन उद्योग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देंगे।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी किया गया
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (नि. स.) 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 04/2022-23